during the forthcoming UN General Assembly Session for this purpose.

(vii) External Affairs Minister as the Chairman of SAARC Council Ministers was also requested to continue contacts with ASEAN to promote cooperation between SAARC and ASEAN. Consultations for this purpose would be carried out.

(viii) Ministry of Commerce has already initiated work to ratify SAPTA Agreement and the ratification procedure would be completed soon.

(ix) India, together with other Member States, will be observing the tenth anniversary of SAARC through celebratory events.

बेहतर कार्य-निष्पादन के लिए निजी क्षेत्र को सौंपे जाने वाले क्षेत्रों की पहचान

*52. **श्री अजीत जोगी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे बोर्ड ने उन क्षेत्रों का पता लगाया है जिन्हें बेहतर कार्य-निष्पादन के लिए निजी क्षेत्र को सौंपा जा सकता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसका औचित्य क्या है;

(ग) क्या रेलवे बोर्ड से तीर्थ यात्री केन्द्रों सहित उन पर्यटन सर्किटों का पता लगाने का अनुरोध किया गया है जिनके लिए निजी क्षेत्र को विशेष पर्यटन रेलगाड़ियां चलाने की अनुमति दी जा सकती है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस कार्य योजना को कब तक कार्यान्वित कर दिया जाएगा?

रेल मंत्री (श्री० सी०के० जाफर शरीफ) : (क) और (ख) निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए अब तक खान-पान, "अपने मालडिब्बे के स्वामी बनें" योजना के अंतर्गत मालडिब्बों का निजी स्वामित्व, पर्यटक गाड़ियां, स्टेशनों का सौंदर्यकरण/अनुरक्षण, गाड़ियों, में बिस्तरों की सप्लाई और अमानती सामान घर का परिचालन आदि जैसी आफ-लाइन गतिविधियां ही रखी गई हैं। आमान परिवर्तन, दोहरीकरण, विद्युतीकरण, चल स्टाक परियोजनाओं आदि के निर्माण-स्वामित्व-पट्टा-हस्तांतरण योजना के अंतर्गत निजी निवेश भी आमंत्रित किया गया है। सामान्य राजकोष से कम वित्तीय समर्थन मिलने के कारण भारतीय रेलवे द्वारा महसूस की जा रही संसाधनों की तंगी को पूरा करने के लिए तथा प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और कुशलता में सुधार लाने के लिए चुनिंदा निजीकरण को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

(ग) से (ङ) पर्यटन गाड़ियों के स्वामित्व, विपणन और प्रबंधन के लिए 1000 मिलियन रुपए की योजना, जिसमें महात्वपूर्ण पर्यटन स्थल और तीर्थ स्थल शामिल हैं, में एक विश्वव्यापी "बोली के लिए निमंत्रण" मई, 1994 में जारी किया गया था और बोलियों के मूल्यांकन के बाद 4 लोकप्रिय पर्यटक सर्किटों पर 5 पर्यटक गाड़ियां चलाने हेतु निम्नलिखित पार्टियों को ठेके प्रदान किए गए हैं:—

सर्किट	पार्टी का नाम
1. दिल्ली-जयपुर-आगरा-ग्वालियर-झांसी (खजुराहो)-वाराणसी-लखनऊ-दिल्ली	(1) मैसर्स सटलिंग हालीडे रिज़र्ट्स इंडिया प्रा०लि०, मद्रास।
2. बंबई-औरंगाबाद (अंजता/एलोरा)—नांदेड-सिकंदराबाद-हैदराबाद-पुणे-बंबई	(2) मैसर्स एस०एस० पाटिल, सिकन्दराबाद।
3. गोवा (माडगांव)—मंगलोर मैसूर (बैलूर/हेलबिड)—होसपेट (हम्पी)—बेंगलूरु-गोवा (मडगांव)	(3) मैसर्स ईस्टवैस्ट ट्रैवल एंड ट्रेड लिंक्स लि०, नई दिल्ली
4. बेंगलूरु-मैसूर-मद्रास-कोडैकानल रोड-कन्याकुमारी-तिरुवनंतपुरम-कोचीन-मेट्टुपालैयम (उदगमंडलम)-बेंगलूरु	(4) मैसर्स सटलिंग हालीडे रिज़ार्ट्स इंडिया प्रा०लि०। मद्रास और (5) मैसर्स एल०एस० पाटिल, सिकन्दराबाद।

चुने गए पर्यटक गाड़ी परिचालकों को आशय पत्र पहले ही जारी कर दिए गए हैं। इन पर्यटक गाड़ियों के निर्माण और शुरू करने के लिए लिया जाने वाला अनुमानित समय करार पर हस्ताक्षर की तारीख से एक वर्ष अर्थात् 1996 के अंत तक होगा।